


# त्यौहार : बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 28 अगस्त. भाई-बहन के अटूट और पावन प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया।**

**रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में दिखा खासा उत्साह**

**त्यौहार की वजह से सड़कों पर रही चहल-पहल**



बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र के रूप में अपना प्यार बांधा, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया और प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे सुबह से ही नये-नये कपड़े पहनकर तैयार हो गए थे। जबकि बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। बहनों ने सबसे पहले भाईयों को कुमकुम, रोली (चंदन) का तिलक लगाया और आरती उतारी। जिसके बाद भाईयों के हाथो में रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। यूं तो रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों ने काफी समय पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। बहनों ने राखी, मिठाई और कपड़ों की खरीदी की। जबकि भाईयों ने अपनी बहनों के लिए अच्छे से अच्छा तोहफा खरीदा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे सुबह नये-नये कपड़े पहनकर तैयार हो गए थे। जिनकी कलाईयों पर बहनों ने राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की।

**बसों और ट्रेनों में रही भीड़ :** त्योहार को लेकर बसों और ट्रेनों में भीड़ रही। बहने अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए भाईयों के घर पहुंची। जिससे बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रही। आलम यह था कि हर बस एवं ट्रेनों से सैकड़ों यात्री उतर रहे थे। बस स्टैंड पर भी भीड़ का नजारा रहा। जबकि दूर रहने वाली बहनों ने कोरियर एवं डाकसेवा से अपने भाईयों को राखी भेजी। वहीं कई भाई रक्षाबंधन पर अपनी बहनों के घर पहुंचे।

### बच्चों में दिखा उत्साह

रक्षाबंधन पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह और खुशी का माहौल बच्चों में नजर आया। बच्चों ने अपने हाथों पर की राखी अपने दोस्तों को दिखाई। सबसे ज्यादा कार्टून वाली राखी बच्चों के बीच लोकप्रिय रही। बच्चे के चेहरे पर पर्व को लेकर सुबह से ही खुशी का माहौल था। बच्चे नये-नये कपड़े पहनकर राखी बांधने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। बहनों ने अपने छोटे भाईयों की कलाई पर उनकी मनपसंद राखी बांधी तो भाईयों ने भी बहनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

### मौसम रहा बेहरबान

शुक्रवार को मौसम भी मेहरबान रहा। हालांकि आसमान पर बादल जरूर रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। जिससे सडकों पर चहल-पहल का नजारा छाया रहा। बाजारों में भी खरीदी के लिए ग्राहक बने रहे। लोगों ने रक्षाबंधन के दिन भी खरीदी की। खासकर साडियों की दुकानों में कपड़े की खरीदी पर जोर रहा। भाईयों ने अपनी बहनों के लिए बेहतर से बेहतर तोहफे खरीदे और रक्षाबंधन पर प्यार स्वरूप भेंट किए।

# हजारों बहनों ने की 'आपली बस' में मुफ्त यात्रा

## रक्षाबंधन पर मनपा की पहल, महिलाओं व 10 वर्ष तक के बच्चों ने उठाया लाभ

**नागपुर, महानगर संवाददाता.** रक्षाबंधन के अवसर पर नागपुर महानगरपालिका के परिवहन विभाग ने शुक्रवार को 'आपली बस' में महिलाओं और 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी. महापौर नीता ठाकरे के मार्गदर्शन और परिवहन समिति सभापति मंगला खेकरे की संकल्पना से आयोजित इस विशेष उपक्रम को शहर की महिलाओं ने उत्स्फूर्त प्रतिसाद दिया. शुक्रवार शाम 4 बजे तक करीब 20,000 महिला और बाल यात्रियों ने निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाया.

रक्षाबंधन के अवसर पर मोरभवन बस स्टॉप पर विशेष रक्षाबंधन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. इस दौरान स्थायी समिति सभापति शिवानी दाणी वखरे, सत्ता पक्ष नेता नरेंद्र (बाल्या) बोरकर, मनपा आयुक्त डॉ. विपिन इटनकर, अतिरिक्त आयुक्त मिलिंद मेश्राम, नगरसेविका पूजा पाठक, नगरसेवक विजय होले, परिवहन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी योगेश लुंगे, परिवहन विभाग के अधिकारी, बस ऑपरेटर तथा चालक-वाहक उपस्थित थे. कार्यक्रम में महापौर, स्थायी समिति सभापति और परिवहन समिति सभापति ने सत्ता पक्ष नेता, मनपा आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बस चालक-वाहकों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं.

### एक नजर में

#### खाद्य विभाग ने किया मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण

**मुलताई।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के जांच दलों द्वारा नगर के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारी को राज्य शासन द्वारा एनालॉग डेयरी प्रोडक्ट्स को प्रतिबंधित किए जाने के संबंध में जानकारी दी वहीं खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता रखने के निर्देश दिए गए। दल द्वारा मुलताई शहरी क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठान बीकानेर मिष्ठान भंडार ताप्ती कुंड, गुरु कृपा बीकानेर स्वीट्स, ताप्ती बीकानेर स्वीट्स जय स्तंभ चौक, श्याम डेयरी स्टेट बैंक के पास, हरियाणा जलेबी, दादाजी नाश्ता प्वाइंट, विधता होटल एवं ओमकार स्वीट्स बस स्टैंड की जांच की। इस दौरान मिल्क केक, मलाई बर्फी कलाकंद बर्फी, अंजीर बर्फी, मोतीचूर लड्डू, बेसन लड्डू, नमकीन, खट्टा मीठा नमकीन, सेव के 16 नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

#### शिक्षिका बहनों ने मांगा नौकरी बचाने का भरोसा

**बैतूल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर शिक्षक संयुक्त मोर्चा बैतूल की महिला शिक्षकों ने रक्षा सूत्र के माध्यम से अपनी मांग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल तक पहुंचाई। 27 अगस्त को शिक्षिका अनिता सोनारे एवं अलका ढोके के नेतृत्व में शिक्षिकाओं ने हेमंत खंडेलवाल को राखी बांधकर कार्यरत शिक्षिकाओं की नौकरी बचाने के लिए मध्यप्रदेश में टीईटी परीक्षा निरस्त कराने की मांग की। शिक्षिकाओं ने बताया कि हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने विशेष विधानसभा सत्र बुलाकर कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं कराने का निर्णय लिया है। इसी तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी विशेष विधानसभा सत्र बुलाकर कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। शिक्षिकाओं ने कहा कि उन्होंने अपने भाई के रूप में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को रक्षा सूत्र बांधकर अपनी नौकरी बचाने की पहल करने का निवेदन किया है। इस पर हेमंत खंडेलवाल ने शिक्षिका बहनों को आश्वासन दिया कि तमिलनाडु की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी विशेष विधानसभा सत्र बुलाकर शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त करने की कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# CMPDI कॉलोनी में चोरों का आतंक, कई क्वार्टर्स के ताले टूटे

**नागपुर.** जरीपटका थानांतर्गत सीएमपीडीआई कॉलोनी में चोरों ने जमकर आतंक मचाया. परिसर के कई क्वार्टर्स को निशाना बनाने से सनसनी फैल गई है. 1 क्वार्टर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकद सहित 6.48 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया. वहीं दूसरे क्वार्टर से सोने का लॉकेट चोरी हुआ. अन्य क्वार्टर में कोई मूल्यवान वस्तु चोरों के हाथ नहीं लगी. वारदात का पता गुरुवार सुबह उस समय चला जब एक अधिकरी अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकले. घर का दरवाजा बाहर से बंद था. पूछताछ में अन्य पड़ोसियों के भी दरवाजे बाहर से बंद होने का पता चला. बिल्डिंग क्र. बी-5 के क्वार्टर नंबर बी-50 में रहने वाले विकास कुमार पशुपति (37) विगत 22 अगस्त को अपने घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ झारखंड गए थे. गुरुवार की सुबह 6.40 बजे के दौरान उनके पड़ोस के क्वार्टर में रहने वाले रामलाल रामेश्वर घासिल अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकल रहे थे. उन्हें अपने क्वार्टर के ग्रिल वाले दरवाजे को बाहर से बंद किए जाने का पता चला. उन्होंने बिल्डिंग में ही रहने वाले राजू समथा को फोन कर अपने घर का दरवाजा खोलने को कहा. राजू के घर का दरवाजा भी बाहर से बंद था. अन्य पड़ोसी रेखा जगदेव को कॉल करने पर उनका भी दरवाजा बाहर से बंद होने की जानकारी मिली. पड़ोसी विकास पशुपति के घर का दरवाजा खुला दिखाई दिया. उन्होंने विकास को फोन किया. विकास ने बताया कि 22 अगस्त से वो परिवार के साथ झारखंड में है. रामलाल अपने घर के दरवाजे की ग्रिल तोड़कर बाहर निकले. विकास के घर की जांच की तो सारा सामान बिखरा पड़ा था. चोरों ने उनके घर से 89 ग्राम सोना और 350 ग्राम चांदी के आभूषण और 80,000 रुपये नकद चोरी किए थे. इसी दौरान बिल्डिंग क्र.4 के क्वार्टर क्र. बी-37 में रहने वाले विजय कुमार महतो के घर का ताला तोड़कर सोने का लॉकेट चोरी किए जाने का पता चला. चोरी की खबर से पूरी कॉलोनी में हड़कंप मच गया.

**3 और आवासों के ताले टूटे**

घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. खबर मिलते ही जरीपटका पुलिस मौके पर पहुंची. इसके बाद परिसर के अन्य आवासों की भी जांच की गई. इसी दौरान रामलाल की ही इमारत में रहने वाले रोहित बोहट ने फोन कर अपने घर का दरवाजा बाहर से बंद होने की जानकारी दी.

# ताप्ती तट पर बोरगांव में किया पौधरोपण

**मुलताई।** मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा समिति सहित पर्यावरण प्रेमी शिक्षक आरके मालवीय द्वारा ताप्ती तट स्थित ग्राम बोरगांव में बाजार चौक में पौधारोपण किया।समिति के बाबूलाल बरौदे एवं ललित हारोड़े ने बताया मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा समिति और अध्यापक संघ द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से बीते आठ वर्षों से ताप्ती नदी के किनारे स्थित ग्रामों मे पोधरोपण किया जाता है। जिसमें सांडिया, चन्दोरा, मीरापुर, ताईखेडा , बाड़ेगांव , बलेगांव, डोहलन आदि ग्रामों में सफल वृक्षारोपण के बाद इस वर्ष भी शिक्षक आरके मालवीय के



मार्गदर्शन में ग्राम की महिला सरपंच एवं पूर्व सरपंच धनराज लिलौरे की प्रमुख उपस्थिति में 45 पौधों का टी गार्ड सहित रोपण किया गया इस अवसर पर परिक्रमा पदयात्रा के संयोजक संजय राजू पाटनकर , बाबूलाल बरोदे , डॉ दीपचंद लिलौरे , सचिन सिंह ठाकुर , पवनसिंद्दह ठाकुर मासोद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीन उपस्थित थे स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा पौधों को पालने का संकल्प लिया गया सूर्यवंशी सर ने पौधे पालने का संकल्प लिया।

# बारिश से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, चालक परेशान

**पाथाखेड़ा।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता और निर्माण व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।सारनी पेट्रोल पम्प के पास से बारिश के दौर में क्षेत्र की कई सड़कें जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। स्थिति यह है कि इन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों को उनकी गहराई का अंदाजा तक नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सड़कों की बदहाली को दूर करने के बजाय नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा गड्ढों में स्टोन डस्ट डालकर अस्थायी मरम्मत किए जाने का मामला सामने आया है। लगातार बारिश के कारण यह स्टोन डस्ट भी बह गया और सड़कें फिर उसी स्थिति में पहुंच गईं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया गया था तो कुछ ही समय में सड़कें इतनी जर्जर कैसे हो गईं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के नाम पर सरकारी धन का लगातार उपयोग किया जा रहा है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो रहा। इससे निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी जांच और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

# हस्तक्षेप के बाद रुकी अतिक्रमण कार्रवाई

**बैतूल। रक्षाबंधन पर्व से ठीक पहले चिचोली में नवीन बस स्टैंड परिसर में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद की टीम की कार्रवाई को लेकर गुरुवार को हंगामा हो गया।वर्षों से दुकान संचालित कर रहे व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया।**


सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता मौके पर पहुंचे और कार्रवाई रोकने की मांग की। कांग्रेस नेता हर्ष भुसारी ने मौके से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद पटवारी ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की, जिसके बाद फिलहाल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी गई और दुकानदारों को सोमवार तक स्वयं अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई। हर्ष भुसारी ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के ठीक पहले वर्षों से दुकान संचालित कर रहे व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई से उन्हें आर्थिक नुकसान होगा। प्रशासन को पहले व्यापारियों से चर्चा कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेता रूपेश आर्य ने भी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी लंबे समय से यहां दुकानें संचालित कर रहे हैं, इसलिए त्योहार के ठीक पहले उन्हें हटाना उचित नहीं है। प्रशासन को उनकी समस्या सुनकर उचित व्यवस्था करनी चाहिए। विरोध के दौरान नगर परिषद की टीम ने दो दुकानों को हटाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। नवीन बस स्टैंड परिसर में अभी करीब 4 से 5 दुकानें बाकी हैं। नगर परिषद ने कहा है कि समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो दोबारा कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ज्योति सुनरे ने बताया कि नए बस स्टैंड के संचालन की तैयारी की जा रही है। अतिक्रमण के कारण बसों के आवागमन में परेशानी हो रही है। संबंधित लोगों को पूर्व में भी नोटिस दिए जा चुके हैं।

# पाथाखेड़ा में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**बैतूल।** अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सारनी पुलिस ने पाथाखेड़ा क्षेत्र में जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 10,610 रुपए नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए। पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को सूचना मिली थी कि पाथाखेड़ा क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद सारनी- पाथाखेड़ा पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पांच लोग जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार किया। नकदी और ताश के पत्ते जब्त किए। पुलिस ने संजय तायवाडे (41), सुनील नागले (45), समीर लाहोरिया (21), अभिषेक गुप्ता (20) और दुर्गेश (35) को गिरफ्तार किया है। सभी पाथाखेड़ा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। एसपी वीरेंद्र जैन ने लोगों से जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से परिवार और समाज पर नकारात्मक असर पड़ता है। अवैध गतिविधियों की सूचना निकटतम थाना-चौकी या डायल-112 पर देने की अपील की गई है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# भुजलिया पर्व पर निकाला जायेगा अखाड़ा

**मुलताई।** पवित्र नगरी में भुजरिया पर्व पर शनिवार को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवयुवक जय बजरंग अखाड़ा साहू समाज समिति मुलतापी के पहलवानों द्वारा हेरतअंगेज करतब दिखाए जाएगे। अखाड़े के बुजुर्ग पहलवानों ने बताया गया कि आजादी के उपलक्ष्य में सन् 1947 से प्रारंभ हुए प्राचीन नवयुवक बजरंग अखाड़ा की समिति द्वारा सतत 80 वर्ष से नागपंचमी के पर्व पर विधि-विधान से शस्त्र पूजन के साथ अखाड़ा का अभ्यास प्रारंभ किया जाता है जिसमें आज पहलवानों का अभ्यास पुर्ण हुआ।भुजरिया पर्व पर नवयुवक




बजरंग अखाड़ा द्वारा गाजे बाजे के साथ समाज की महिलाएं सर पर भुजलिया लेकर अखाड़ा के साथ शक्ति प्रदर्शन कर एकता का परिचय देते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है जिसमें सदस्यों द्वारा एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज प्रदर्शन किया जाता है। विशेष रूप से अखाडे में शरिर पर से भारी बाइक उठाना, नुकीली कीलों पर लेटकर छाती पर से मोटर सायकल गुजारना, सिर पर टयूब लाईट फोडने, 1 किन्टल का शरीर पर पत्थर रखकर फोडना, आग में से निकलना तलवार बाजी, लाठी भाला घुमाना, शरीर पर टूय्बलाईट फोडना, भारी वाहन खिचना, टाइल्स फोड़ना, हाथो से नारियल फोड़ाना, मुह से आग निकालना, पट्टा शरीर पर से निकालना व अन्य हैरतंगेज करतब,प्रदर्शन होगे देखने के लिए जगह-जगह नगरवासी एकत्रित होते हैं।

# कार्रवाही : सारणी की नाबालिग सीहोर में मिली, युवक गिरफ्तार

**सारणी।** थाना क्षेत्र से करीब साढ़े तीन महीने पहले लापता हुई एक नाबालिग बालिका को सारणी पुलिस ने सीहोर जिले के गुडलिया से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी युवक बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इन तथ्यों के सामने आने के बाद मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। यह मामला तब सामने आया जब 8 मई 2026 को बालिका की



मां ने सारणी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 141/2026 के तहत बीएनएस की धारा 137(2) में मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने बालिका की जल्द तलाश कर दस्तयाबी के निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी माध्यमों से मिली लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम सीहोर जिले के गुडलिया पहुंची। गुडलिया में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग बालिका को आरोपी राजकुमार वरकड़े, पिता संतोष वरकड़े, उम्र 20 वर्ष, निवासी बरेठा के कब्जे से सकुशल मुक्त कराया। इसके तत्काल बाद आरोपी राजकुमार वरकड़े को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, बालिका के कथनों और विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे।

**कार्यक्रम** | संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद को मिला पक्का मकान

# ग्राम धौल में सार्वजनिक भवन का हुआ निर्माण, विधायक ने सौंपी चाबी

**बैतूल।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में मुनीन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट कुरुक्षेत्र, हरियाणा द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी अन्नपूर्णा मुहिम के तहत ग्राम बरेठा में एक और मानवीय पहल देखने को मिली। मुहिम के अंतर्गत स्थानीय निवासी चुन्नीलाल उइके जो कि पैरों से विकलांग है व उनकी धर्मपत्नी नेत्रहीन है व इनकी 5 बेटियां है जिन्हें लगभग 10 लाख की लागत से मकान बनाकर दिया गया। जिसमें लाईट, पंखे, पानी की टंकी आदि सर्व सुविधा प्रदान की गई है। इस नवनिर्मित मकान की चाबी विधायक गंगा बाई उइके के हाथों सौंपी गई। साथ ही परिवार को गृहस्थी की सारी सामग्री, रसोई के समस्त बर्तन,



गैस टंकी, चूल्हा, पलंग, गद्दे, परिवार के कपड़े, शिक्षा सामग्री व पूरे महीने के लिए राशन सामग्री भी दीगई। इसके साथ 27 अगस्त को जिले के ही ग्राम धौल ग्राम पंचायत कल्याणपुर में ग्रामवासियों की सुविधा हेतु 17 × 30 आकार के निशुल्क सार्वजनिक भवन का निर्माण कार्य भी संत रामपाल महाराज जी द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा मुहिम के तहत पूर्ण किया गया। इस नवनिर्मित भवन की चाबी व ताला ग्रामीणों को विधायक के द्वारा सुपुर्द किया गया। इस भवन में चैनल गेट, लाइट फिटिंग, पंखे जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराई गई हैं। ग्रामीणों की प्रार्थना पर बनाए गए इस सार्वजनिक भवन से गाँव के सामाजिक कार्यक्रमों, चौपाल और जन-बैठकों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी। घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके ने संत रामपाल महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट द्वारा बिना किसी भेदभाव के गांव-गांव में शेड निर्माण और जनहित के कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने संत रामपाल महाराज द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अन्नपूर्णा मुहिम, दहेज-मुक्त विवाह और रक्तदान शिविरों के माध्यम से समाज के हर जरूरतमंद वर्ग को सीधा लाभ पहुंच रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में घोड़ाडोंगरी विधानसभा की विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदन यादव, मंडल उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश इवने, शाहपुर से पूर्व मंडल महामंत्री चंपालाल बड़ोदिया, पार्षद कमलेश प्रजापति, बरेठा ग्राम सरपंच कमल धुर्वे, घोड़ाडोंगरी से मंडल महामंत्री दीपक धोटे, धोल ग्राम से सरपंच रामप्यारी यादव, सरपंच प्रतिनिधि होरीलाल यादव, धोल उपसरपंच आसाराम वरखड़े, भाजयुमो मंडल महामंत्री प्रतीक रघुवंशी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# कॉपर केबल चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

**मुलताई।** थाना क्षेत्र से किसानो के खेतो से लगातार मोटर एवं केबल चोरो हो रहे थे,क्षेत्र किसानो द्वारा पुलिस को कई बार ज्ञापन देने के बाद पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे एवं एसडीओपी मुलताई एसके सिंह के मार्गदर्शन तथा टीआई विकास पटेल के नेतृत्व में किसानों के खेतों से सिंचाई मोटर की कॉपर केबल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से 120 किलोग्राम कॉपर केबल वायर एवं चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित कुल 2 लाख 29 हजार 4 सौ का मशरूका बरामद किया है। टीआई विकास पटेल ने बताया थाना मुलताई क्षेत्र के ग्राम चिखलीकला, सावंगी एवं तिवरखेड़ में किसानों के खेतों से अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि के समय सिंचाई मोटरों की तांबे की केबल काटकर चोरी किए जाने की घटनाएं सामने आई थीं। चोर रात्रि लगभग 12 बजे से सुबह 06 बजे के मध्य खेतों में पहुंचकर मोटर की कॉपर केबल चोरी कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 09 संदिग्ध आरोपियों को चिन्हित कर आरोपी गोरेलाल पिता बंशीलाल कारे, उम्र 47 वर्ष, निवासी सिरखेड़, थाना मुलताई, बैतूल,सायबू पिता भोंदू धुर्वे, उम्र 40 वर्ष, निवासी रैयतवाड़ी, थाना आठनेर,तौफिक पिता कलीम खान, उम्र 26 वर्ष, निवासी खुलवटपुरा, मोर्शी, महाराष्ट्र, नागोराव उर्फ पंडित पिता भान्या ठाकरे, उम्र 45 वर्ष, निवासी पुष्ला, थाना शेघाट, अमरावती, महाराष्ट्र,गोलू उर्फ ओमप्रकाश पिता भीमा राऊत, उम्र 40 वर्ष, निवासी सिरखेड़, थाना मुलताई, बैतूल,वासुदेव पिता सामा आहाके, उम्र 20 वर्ष, निवासी माजरी, चौकी मासोद, थाना मुलताई,बिसराम पिता पोलसा कवड़े, उम्र 31 वर्ष, निवासी गुढ़ी, थाना साईखेड़ा, फैजान पिता मो. रासिद, उम्र 28 वर्ष, निवासी मलकापुर, थाना सेन्दुरजनाघाट, महाराष्ट्र,शेख सलीम उर्फ राजा पिता शेख रहीम, उम्र 42 वर्ष, निवासी मुलताई को गिरफ्तार करकॉपर केबल वायर 120 किलोग्राम, अनुमानित कीमत 89,400 रुपए, अपाचे मोटर साइकिल, कीमत 1लाख 10 हजार रुपए सीडी 100 मोटरसाइकिल, 30 हजार रुपए बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।